पत्रांक 15/सी 2–164/2022
बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अमित कुमार पुष्पक,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा।

पटना, दिनांक 2025

विषय :– पं0 उज्ज्वल कुमार मिश्र फाउंडेशन कॉलेज, सोनपुर, सारण को अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के पत्रांक 2506-Est-I दिनांक 02.05.2025 द्वारा सी0डब्ल्यू0जे0सी0 संख्या 6169/2022 में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक 25.07.2024 को पारित न्यायादेश के आलोक में पं0 उज्ज्वल कुमार मिश्र फाउंडेशन कॉलेज, सोनपुर, सारण को कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के स्नातक प्रतिष्ठा के कतिपय विषयों में शैक्षणिक सत्र 2024–28, 2025–29 एवं 2026–30 के लिये संबंधन के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। उपर्युक्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक समीक्षोपरान्त राज्य सरकार द्वारा पं0 उज्ज्वल कुमार मिश्र फाउंडेशन कॉलेज, सोनपुर, सारण को शैक्षणिक सत्र 2024–28, 2025–29 एवं 2026–30 हेतु कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के स्नातक प्रतिष्ठा स्तर के निम्नांकित विषयों में बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा 21 (2) (d) के आलोक में राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक 1098 दिनांक 19.04.1986, पत्रांक 3196 दिनांक 14.12.2017 एवं पत्रांक 3074 दिनांक 25.10.2019 में निहित प्रावधानों के तहत अस्थायी संबंधन प्रदान किये जाने की स्वीकृति इस शर्त के साथ दी जाती है कि:–

1. यू0जी0सी0 के अद्यतन मानक के अनुरूप अपेक्षित संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति/नियोजन सुनिश्चित करेगा।

2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में भविष्य में चार वर्षीय स्नातक पाठयक्रम के अनुसार होनेवाले वांछित आधारभूत संरचनाओं एवं मानवबल में किये जाने वाले परिमार्जन से महाविद्यालय का संबंधन आच्छादित होगा।

3. स्थायी संबंधन के लिये विश्वविद्यालय निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अन्तर्गत पुनः अनुशंसा विभाग को उपलब्ध करायेंगे।

| क्र0 स0 | संकाय | संबंधन का विषय | संबंधन की स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | स्नातक कला (पास एवं प्रतिष्ठा) | हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, पर्शियन, दर्शनशास्त्र, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान, गृह विज्ञान, गणित, एल0एस0डब्ल्यू0, लोक प्रशासन, प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति, संगीत एवं समाजशास्त्र | शैक्षणिक सत्र 2024–28, 2025–29 एवं 2026–30 के लिये अस्थायी संबंधन |
| 2 | स्नातक वाणिज्य संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा) | एकाउंटेंसी, बिजनेस फाइनांस, बिजनेस इंवायरमेंट, कॉरपोरेट एडमिनिस्ट्रेशन, अर्थशास्त्र सिद्धांत | |
| 3 | स्नातक विज्ञान संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा) | भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, गणित एवं इलेक्ट्रॉनिक्स | |

प्रस्ताव पर माननीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0/–
(अमित कुमार पुष्पक)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–15/सी 2–164/2022-2640. पटना, दिनांक– 04.07.2025

प्रतिलिपिः– उप सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्राचार्य, पं0 उज्ज्वल कुमार मिश्र फाउंडेशन कॉलेज, सोनपुर, सारण एवं विभागीय आई0टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

04/7/25

सरकार के उप सचिव